2 बोर्ड परीक्षा के लिए प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को दिया प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक 17 को

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 17 फरवरी को कोरिया महोत्सव का करेंगे शुभारंभ। इस अवसर पर जिले में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया जाएगा, जिससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी। जानकारी के मुताबिक मंगलवार 17 फरवरी को जिला पंचायत के आडिटोरियम में सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में सुबह 11 बजे शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सरगुजा एवं कोरबा लोकसभा के सांसद, संभाग के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के सभी विधायक, छग शासन के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रमुख सचिव, विभिन्न विभागों के सचिव, संभागायुक्त, संभाग के सभी जिला कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष इस मौके पर उपस्थित होंगे।



### मैनपाट महोत्सव में गायकी की प्रस्तुति देंगे अलभ्य

**बैकुण्ठपुर।** किड्स वर्ल्ड पब्लिक हाई स्कूल हर्रापारा बैकुंठपुर के संचालक डॉ. विजय कुमार जांगड़े के सुपुत्र अलभ्य कुमार जो कि सैनिक स्कूल अंबिकापुर में अध्ययनरत हैं। आगामी मैनपाट महोत्सव में अपनी गायकी की प्रस्तुति देंगे। अलभ्य कुमार को संगीत के क्षेत्र में विशेष रुचि है और वे अपनी मधुर आवाज तथा प्रतिभा के माध्यम से मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उनके माता-पिता सहित विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्जवल भविष्य और सफल प्रस्तुति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। नगरवासियों में भी इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का वातावरण है तथा सभी ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।



### सचिन मैनपाट में देंगे अपनी प्रस्तुति

**बैकुण्ठपुर।** शहर के उभरते गायक सचिन गुप्ता को छग के शिमला में आयोजित मैनपाठ महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह गर्व की बात है कि मैनपाठ महोत्सव में कला संगीत क्षेत्र के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर निवासी सचिन गुप्ता को कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाना शहर के लिए गौरव की बात है। जानकारी के अनुसार शहर के उभरते गायक श्री गुप्ता को मैनपाठ महोत्सव में 15 फरवरी को कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।




### परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित

**मनेन्द्रगढ़।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 की समय-सारणी जारी की गई है, इसके अनुसार परीक्षाएं 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बताया कि हाल के दिनों में विद्यार्थियों एवं उनके पालकों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा शोर-शराबे के कारण अध्ययन में बाधा उत्पन्न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है।

### कल महाशिवरात्रि पर कोरिया-एमसीबी में जगह-जगह होंगे आयोजन

# शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव, तैयारियां जोरों पर



तैयार हो रहा मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर के शिवालयों में तैयारियां जोरों से चल रही है। विभिन्न शिवालयों का रंगाई-पोताई के साथ परिसर की साफ-सफाई कई दिन पूर्व से शुरू हो गई है, जहां महाशिवरात्रि के दिन विधि-विधान के साथ भोले शिव की पूजा-अर्चना आवश्यक पूजन सामग्री के साथ की जाएगी।

हिन्दी पंचाग के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार महाशिवरात्रि का पर्व सर्वार्थ सिद्धि योग के अलावा अन्य ग्रहों के दुर्लभ गोचर में हो रहा है। ऐसे में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोले शिव की पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी होगा। इस दिन शहर के प्रेमाबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ती है, इसके अलावा पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर, एसईसीएल के नागेश्वर मंदिर, झुमका बांध स्थित शिव मंदिर, एनएच 43 किनारे ग्राम जमगहना स्थित शिव मंदिर, सोनहत मार्ग के शिवघाट स्थित शिव मंदिर, गेज बांध स्थित शिव मंदिरों के अलावा जिलेभर में स्थित शिव मंदिरो में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही विधि-विधान के साथ शिवजी को जलाभिषेक व आवश्यक पूजन सामग्री के साथ पूजा-अर्चना करने जुटेंगे। इस अवसर पर कई शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### बरदिया में होगा विविध आयोजन





**कटकोना।** श्री महाशिवरात्रि मेला समिति बरदिया पीपरडॉड द्वारा 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर गोबरी जलाशय बरदिया में मां जगदंबा जगराता झांकी छग मप्र द्वारा दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक आयोजित की जाएगी, इसके अलावा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। विदित हो कि उक्त कार्यक्रम स्थल पर महाशिवरात्रि के अवसर पर अंचल के काफी संख्या में लोग पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिनभर उमड़ी रहती है, जिसे देखकर मेले जैसा नजारा बना रहता है।

### मनेन्द्रगढ़ में शिवभक्ति का महासैलाब देवालयों में गूंजेगा हर हर महादेव



**मनेन्द्रगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 14 फरवरी को मनेन्द्रगढ़ अंचल में शिवभक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। जिलेभर के शिवालयों और प्रमुख देवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का उत्सव पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिरों में विशेष पूजन, रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाशिवरात्रि को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह है। श्रद्धालु प्रातः ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान-ध्यान कर शिवालयों में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचेंगे। दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, आक और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाएगी। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से की गई पूजा से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्री सिद्धबाबा धाम, दुर्गा मंदिर सिद्धबाबा लेदरी, श्रीराम मंदिर, हसदेव गंगा तट, तथा संकट मोचन धाम सिरौली में विशेष आयोजन होंगे। इन स्थलों पर शिव-पार्वती विवाह की कथाएं, झांकियां और सामूहिक पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कई मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, शिव महापुराण कथा और भक्ति संगीत का आयोजन भी रखा गया है। हसदेव गंगा तट पर श्रद्धालु पवित्र स्नान कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। वहीं सिद्धबाबा धाम और संकट मोचन धाम में रात्रि जागरण के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण शिवमय हो जाएगा। दुर्गा मंदिर सिद्ध बाबा लेदरी और श्रीराम मंदिर में भी साज-सज्जा के साथ शिव विवाह की रस्में प्रतीकात्मक रूप से संपन्न कराई जाएंगी। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समितियों द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और दर्शन व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। प्रशासन भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर सतर्क है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का पावन पर्व है। इस दिन व्रत, उपवास और रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। विद्वानों के अनुसार शिवरात्रि पर संयम, साधना और भक्ति से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कुल मिलाकर महाशिवरात्रि पर मनेन्द्रगढ़ जिला शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा। हर ओर हर हर महादेव और ऊँ नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय होगा और शिव-पार्वती विवाह का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### मेण्ड्रा में मेले का आयोजन



**सोनहत।** वनांचल ग्राम मेण्ड्रा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महादेव मंदिर मेण्ड्रा में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि शिवरात्रि में मेण्ड्रा महादेव मंदिर पूजन-हवन जलाभिषेक आदि के धार्मिक अनुष्ठान में छग शासन के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का आगमन हो रहा है साथ आयोजन को भव्य बनाने मेला की तैयारी जारी है। आयोजित हो रहे मेला की तैयारी को लेकर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अविनाष पाठक, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद्र साहू एवं ग्राम वासियों के द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

### निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर कल

**मनेन्द्रगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी रविवार को जनहित में एक सार्वजनिक निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कतार्रेश्वर शिव मंदिर प्रांगण, ग्राम डगौरा मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह कालरा ने बताया कि महाशिवरात्रि जैसे आध्यात्मिक पर्व पर स्वास्थ्य सेवा को समाज से जोड़ने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. पूर्णिमा सिंह द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी। शिविर के दौरान आयुर्वेदिक पद्धति से सामान्य रोग, जोड़ों का दर्द, गैस, एसिडिटी, त्वचा रोग, तनाव, अनिद्रा, शुगर एवं रक्तचाप जैसी समस्याओं पर परामर्श दिया जाएगा। साथ ही आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। अध्यक्ष सरदार जस्वीर सिंह कालरा ने बताया कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो बिना दुष्प्रभाव के रोगों का उपचार करती है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें और अपने परिवारजन को भी साथ लाएं। शिविर का आयोजन हास्ययोग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजकों को उम्मीद है कि महाशिवरात्रि के इस शुभ अवसर पर यह सेवा कार्य समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।





शिविर का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना

### विवेकानंद कालेज की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ की वार्षिक पत्रिका विवेकसुधा का विमोचन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा उनके गृहग्राम रतनपुर कार्यालय में गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

यह अवसर महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती के नेतृत्व में प्राध्यापगण डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई, डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, डॉ. अरूणिमा दत्ता, श्रीमती स्मृति अग्रवाल एवं अतिथि व्याख्याता पुष्पराज सिंह, थनेन्द्र कश्यप, अभिषेक कुमार सिंह, कार्यालयीन स्टॉफ मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने विवेकसुधा के प्रकाशन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की वार्षिक पत्रिकाएं विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, वैचारिक अभिव्यक्ति एवं साहित्यिक प्रतिभा को मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक विकास भी उतना ही आवश्यक है और इस दिशा में महाविद्यालय का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। प्राचार्य प्रो. श्री चक्रवर्ती ने अपने वक्तव्य में पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग देने वाले सभी संपादकीय सदस्यों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विवेकसुधा केवल एक वार्षिक प्रकाशन नहीं बल्कि महाविद्यालय की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिम्ब है।

विमोचन समारोह में उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने पत्रिका के प्रकाशन को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।





### कठौतिया में योग एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय सेवा योजना इकाई के तहत पतंजलि योग समिति के द्वारा संचालित त्रि-दिवसीय योग एवं प्राणायाम सत्र का विधिवत समापन पूर्व माध्यमिक शाला कठौतिया के प्रांगण में किया गया। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना के चयनित 70 छात्र-छात्राओं को योग एवं प्राणायाम की विस्तृत जानकारी जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय के द्वारा दी गई।

योग प्रशिक्षक उपाध्याय ने कहा कि सदियों से भारत में योग का हस्तक्षेप रहा है जिसे अब अंतरराष्टीय पहचान मिल चुकी है। प्राणायाम के संपूर्ण आठ प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्राणायाम से मोटापा, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, कब्ज ,गैस, अम्ल ,पित्त, श्वास रोग एलर्जी, माइग्रेन, किडनी के आदि रोग दूर होते हैं साथ ही शरीर के रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता में विकास होता है। योग के प्रति उत्साहित छात्र प्रतिभागियों को सूक्ष्म आसन के अतिरिक्त भस्त्रिका, कपालभाति, बाह्य प्राणायाम, उज्जायी,अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीत का अभ्यास कराया गया। समापन अवसर पर छग योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के गोल्ड मेडलिस्ट योग युवा योग प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी ने योग का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण शिविर में एमसीबी योग सेवा समिति की महिला इकाई से रूपा पोद्दार, कल्पना सिंह राजपूत, अर्चना अग्रवाल एवं योग साधिका अर्चना सेजपाल मंच पर उपस्थित रहे। आमंत्रित समस्त अतिथियों का स्वागत राष्टीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ.नसीमा बेगम अंसारी, रंजीत मणि, सुशील कुमार एवं अनुपा तिग्गा ने किया। योग को अपने जीवन में आत्मसात करने वाली योग साधिका अर्चना अग्रवाल एवं अर्चना सेजपाल ने योग के द्वारा अपने शारीरिक लाभ के बारे में जानकारी दी। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती के निर्देशन में आयोजित राष्टीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ.नसीम बेगम ने कहा कि आज वरिष्ठ योग प्रशिक्षक ने योग के संबंध में जो महत्वपूर्ण जानकारी दी है उसे अपने जीवन में आत्मसात करके हम निरोगी काया पा सकते हैं। शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय के द्वारा किया गया। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। अंत में आमंत्रित योग साधकों का आभार व्यक्त करते हुए डॉ.नसीमा बेगम अंसारी ने कहा कि राष्टीय सेवा योजना के तहत योग एवं प्राणायाम का यह सत्र काफी उपयोगी रहा, इसे आगामी वर्षों में तीन दिनों के शिविर से बढ़ाकर सात दिवस करना चाहिए, जिससे छात्र प्रशिक्षिणार्थियों को भी योग एवं प्राणायाम की गहन जानकारी हो सके और वे अपने जीवन में इसे आत्मसात कर सकें।



### देशभर की 15 टीमों की दमदार रही भागीदारी

# गोल्डकप फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

50 वें अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का भव्य आयोजन चरचा में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई 15 सशक्त टीमें भाग ली हैं, जिससे खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रमुख टीमें वाराणसी उत्तरप्रदेश, नीमच मध्यप्रदेश, बेंगलुरु कर्नाटक, दुर्गापुर व खड़गपुर पश्चिम बंगाल, संबलपुर ओडिशा, नागपुर महाराष्ट, हैदराबाद तेलंगाना, चेन्नई तमिलनाडु, दिल्ली, इम्फाल मणिपुर, केरला पुलिस केरल, रांची झारखंड, बक्सर बिहार सहित मेजबान चरचा छग की टीम शामिल हैं। इन टीमों की मौजूदगी ने प्रतियोगिता को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया है। फाइनल मुकाबला 14 फरवरी शनिवार को दोपहर 2:30 बजे से महाजन स्टेडियम चरचा में खेला जाएगा। इसी दिन फाइनल खेल के पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक एसईसीएल बिलासपुर हरीश दुहन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिलासपुर बिरंची दास, विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं खेलप्रेमियों से फाइनल मुकाबले और सम्मान समारोह में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। इस आयोजन से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा, बल्कि चरचा क्षेत्र को राष्टीय खेल मानचित्र पर नई पहचान भी मिलेगी।

प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही और हर मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। आयोजन समिति द्वारा मैदान, सुरक्षा, दर्शक व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में स्थानीय खेल प्रेमियों, युवाओं एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में ⏭ शेष पेज 4 पर



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।





### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 वीं के छात्रों के सम्मान में फेयरवेल 2025-2026 का गरिमामय एवं भावनात्मक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम हर्ष उत्साह और यादगार पलों से परिपूर्ण रहा। कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भावपूर्ण भाषण तथा रोचक गतिविधियां प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स को विशेष विदाई दी। उनकी प्रस्तुतियों में आदर, स्नेह और कृतज्ञता की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान सीनियर्स की विद्यालयीन यात्रा, उनकी उपलब्धियों, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को भी सराहा गया। समारोह का मुख्य आकर्षण मिस फेयरवेल और मि.. फेयरवेल 2025-26 की घोषणा रही। आकर्षक व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और प्रभावशाली प्रस्तुति के आधार पर प्रशंसा यादव को मिस फेयरवेल 2025-26 तथा अमित अग्रवाल को मि. फेयरवेल 2025-26 चुना गया। दोनों विजेताओं ने अपनी प्रतिभा और शालीनता से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में पूरे विद्यालय परिवार ने बैच 2026 को उज्जवल भविष्य, सफलता और खुशियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुईं कैबिनेट मंत्री

**बिश्रामपुर।** कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।



प्राण-प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत बुधवार को प्रातः राम मंदिर पासंग नाला के पास से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की,कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्मित शिव मंदिर ग्राम बीरपुर में आस्था और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, अनिल सिंह मेजर, भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### डीएवी में मनाई गई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई,इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया,जिसमें विद्यालय प्राचार्य अनामिका भारती एवं अध्यापक- अध्यापिकाओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी दयानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया गया,संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनोज शर्मा के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सारी दुनिया जगाई दयानंद ने गीत की संगीतमय मनोरम प्रस्तुति दी,प्राचार्य अनामिका भारती ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर समाज सुधार के अनेक कार्य किए और धार्मिक उदारता एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश की रचना कर सत्य के वास्तविक स्वरूप को लोगों तक पहुंचाया और वेदों का उद्धार किया। शिक्षा का प्रचार-प्रसार, सामाजिक व सांस्कृतिक उन्नयन एवं राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में उनका महान योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा,हम सभी को उनके पथ चिन्हों पर चलकर समाज एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

### कबड्डी स्पर्धा में बालिकाओं ने दिखाए जौहर



**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय खेल संगठन क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत मितगई स्कूल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व सभापति एवं सर्व यादव समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कबड्डी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए जिला पंचायत के पूर्व सभापति एवं यादव समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश यादव ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिससे मनुष्य का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है। खेल स्वस्थ शरीर के लिए अति आवश्यक है और कबड्डी भारतीय मूल की लोकप्रिय खेल है। प्रतियोगिता के आयोजक क्रीड़ा भारती का सराहना करता हूं। क्रीड़ा भारती के संयोजक अजय यादव ने प्रतियोगिता के बारे में बताया कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य खेल- खेल चरित्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण का संकल्प के साथ इस खेल के माध्यम से गांव के मिट्टी से ओलंपिक मेट की ओर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना है। प्रतियोगिता में कुल 8 टीम ने भाग लिया जिसमें 2 टीम बालिका वर्ग ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजेश यादव द्वारा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभागी टीम को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान श्रवण यादव, प्राचार्य अजय गुप्ता, चन्द्रदीप यादव, पीटीआई परमेश्वर पैकरा, संजीव तिर्की, पूजा गुप्ता, पीके यादव, रेयाजुद्दीन शेख सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, खेल प्रेमियों मौजूद थे ।

### किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**राजपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मंडल राजपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत बारियों मंडल से हुई, जिसके बाद राजपुर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जगह-जगह स्वागत किया गया।कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं, साफा पहनाकर एवं क्षेत्र की पारंपरिक शैला नृत्य कर्मा नृत्य में साथ तथा जयघोष के साथ नेताओं का अभिनंदन किया। किसानों ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के सम्मान में ट्रैक्टर रैली भी निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि किसान मोर्चा गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुन रहा है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया निर्देश, अवहेलना पर होगी मान्यता समाप्त

# निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं वसूल सकेंगे मनमाना शुल्क, दुकानों का निर्धारण भी बंद

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

आगामी शिक्षा सत्र से निजी स्कूल न तो मनमाने तरीके से अभिभावकों से शुल्क वसूल सकेंगे न ही निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों को ही खरीदने के लिए मजबूर कर सकेंगे। दुकान विशेष से पुस्तक, कॉफी, जूता एवं अन्य सामग्री खरीदने का निर्देश देने वाले स्कूलों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है तथा उनकी मान्यता तक समाप्त हो सकती है।

निजी स्कूलों द्वारा साल दर साल की जा रही फीस वृद्धि, पाठ्य पुस्तकों में बदलाव एवं विभिन्न मदों में शुल्क वसूलने से अभिभावक परेशान हैं। इस संबंध में प्रायः हर साल अभिभावक विरोध-प्रदर्शन करने के साथ ही स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध लगातार शिकायतें भी करते रहे हैं लेकिन स्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आ रहा था। मनमानी की लगातार मिल रही शिकायतों को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को कड़े निर्देश जारी किए है। निर्देशों के तहत अब निजी स्कूल की महंगी किताबों के बदले एनसीईआरटी, एससीईआरटी द्वारा प्रकाशित अथवा समकक्ष पुस्तकों को ही पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे। स्कूल न तो पुस्तक, कॉपी, यूनिफॉर्म व अन्य सामग्री किसी दुकान विशेष से खरीदने का ही निर्देश दे सकेंगे न ही मनमाना शुल्क बढ़ा सकेंगे। निर्देश के अनुसार समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधित्व वाली न्यूनतम 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति नियमानुसार शुल्क का निर्धारण करेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित 9 सदस्यीय समिति के अनुमोदन उपरांत ही इसे लागू कर सकेगी। स्कूल प्रबंधन को कक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व अभिभावकों को पुस्तक, कॉपी, ड्रेस आदि के संबंध में समुचित जानकारी देनी होगी तथा सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के साथ ही इसकी जानकारी डीईओ को देनी होगी। निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी, एससीईआरटी एवं समकक्ष पुस्तकों को प्रमुखता के साथ शामिल करने के निर्देश दिए है। निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायत पर मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी गई है।




### नहीं ले सकेंगे अन्य मदों का शुल्क

शिक्षा संहिता में 12 मदों को शुल्क के लिए अधिसूचित किया गया है जिसमें शिक्षण शुल्क, परीक्षा शुल्क, स्काउट-गाइड, शाला विकास, विज्ञान, पत्रिका पुस्तकालय, रेडक्रॉस, स्वास्थ्य बीमा, क्रीडा, क्रिया-कलाप, निर्धन छात्र निधि, एवं बागवानी शुल्क निर्धारित है। इसके अतिरिक्त निजी स्कूल प्रवेश शुल्क, कम्प्यूटर, बिजली-पानी, एसडब्ल्यूपी, स्मार्ट क्लास, कार्ड, स्कूल दिवस, नो-ड्यूज व वार्षिकोत्सव व शुल्क वसूलते है। अधिसूचित शुल्कों के अतिरिक्त मदों की शुल्क को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है। अगर टीई के तहत प्रवेशित कक्षा 1ली से 8वीं तक के बच्चों से अधिसूचित 12 मदों का शुल्क भी प्रतिबंधित है। प्रशासन अधिसूचित सुविधाओं की समीक्षा के उपरांत ही स्कूल प्रबंध समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की अनुशंसा देगी। निर्धारित शुल्क भी प्रबंधन को सार्वजनिक करना होगा।

### निर्धारित समय से शुरू होंगी कक्षाएं

प्रशासन ने सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को 16 जून से एवं सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों को 1 अप्रैल से कक्षाएं प्रारम्भ करने निर्देशित किया है। सीजी बोर्ड की मान्यता लेकर सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित करने की शिकायत पर स्कूलों की मान्यता समाप्त करने के साथ ही दण्ड राशि भी वसूली जाएगी। अधिसूचित मद के अतिरिक्त मद की राशि लेने वाले स्कूलों से कैपिटेशन राशि वसूलने मान 10 गुना अधिक दंड राशि अधिरोपित की जाएगी। डीईओ निजी स्कूलों को 24 नवम्बर को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई कार्यवाही विवरण को भी भेजा है।

### अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई

निजी स्कूलों द्वारा मनमानी शुल्क सहित अन्य शिकायतों पर प्रबंधन को विभिन्न बिंदुओं का निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा गठित समिति की अनुशंसा उपरांत ही निजी स्कूल शुल्क बढ़ा सकेंगे। निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

डॉ.दिनेश झा
डीईओ

## बोर्ड परीक्षा के लिए प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को दिया प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के सभी परीक्षा केंद्र प्रभारी और संबंधित प्राचार्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु नियुक्त सभी केंद्र अध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र अध्यक्ष परीक्षा केंद्र पर गोपनीयता, अनुशासन एवं शुचिता बनाए रखने के लिए पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षित प्राप्ति, भंडारण एवं समयानुसार वितरण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। परीक्षा प्रारंभ से पूर्व कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना तथा नकल एवं अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाना अनिवार्य रहेगा। साथ ही पर्याप्त बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, फर्स्ट एड बॉक्स एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बोर्ड परीक्षा संपन्न होने उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध मूल्यांकन हेतु मास्टर ट्रेनर तथा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजनगर के प्राचार्य पीसी सोनी द्वारा सभी मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए। मूल्यांकन कार्य पूर्ण गोपनीयता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्य परीक्षक एवं सहायक परीक्षकों को मॉडल उत्तर एवं अंक विभाजन योजना के आधार पर पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मूल्यांकन में एकरूपता बनी रहे।

## पीएम श्री सेजेस जयनगर के विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया,शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र अंबिकापुर, मौसम विभाग तथा हनीबी पार्क का दौरा कर विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की,विद्यार्थियों को आकाशवाणी केंद्र के वरिष्ठ अभियंता अरुण श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को आकाशवाणी की कार्यप्रणाली एवं प्रसारण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम देश की जनजातीय सभ्यता और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,विद्यार्थियों को बताया गया कि आकाशवाणी केंद्र में मुख्य रूप से दो विभाग कार्यरत हैं,इंजीनियरिंग विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग,दोनों विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है,विद्यार्थियों ने जाना कि आधुनिक मशीनों की सहायता से ध्वनि रिकॉर्डिंग, संपादन,एडिटिंग तथा ट्रांसमीटर एवं एम्प्लीफायर के माध्यम से प्रसारण की प्रक्रिया किस प्रकार संपन्न होती है,साथ ही भारत सरकार द्वारा संचालित आकाशवाणी मोबाइल ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई,इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मौसम विभाग का दौरा किया,जहां शिवानी मिश्रा ने विभिन्न मौसम मापक उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी,विद्यार्थियों को इवैपोरेशन मीटर द्वारा पानी के वाष्पीकरण की मात्रा ज्ञात करने की प्रक्रिया समझाई गई,एनीमोमीटर से हवा की गति तथा विंड वेन से हवा की दिशा मापने की जानकारी दी गई। साथ ही स्टीवेंसन स्क्रीन में लगे चार थर्मामीटर, अधिकतम, न्यूनतम,ड्राई बल्ब एवं वेट बल्ब कार्यों के बारे में बताया गया,जिनसे तापमान एवं आर्द्रता का मापन किया जाता है,विद्यार्थियों ने ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की,जहां से सभी मौसम संबंधी आंकड़े स्वचालित रूप से दर्ज होकर रडार के माध्यम से दिल्ली भेजे जाते हैं।

## शिक्षा के साथ प्रथम गुरु के रूप माता पिता का दिया संस्कार बच्चों को बनाता है महान

**सीतापुर।** स्कूली बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार की भावना जगाने संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल पेटला में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन में वक्ता के रूप में हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य मैरी मंजरी मिंज, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, शिक्षक मगलूब आलम संदीप गुप्ता थे। सम्मेलन को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु मां होती है। स्कूल जाने से पहले तक बच्चा अपने माता पिता के सानिध्य में पहला ज्ञान प्राप्त करता है। इस दौरान अभिभावक बच्चे को जो सिखाते है वो उसके स्मृति पटल पर अविस्मरणीय रूप से अंकित हो जाता है। इसलिए शिक्षा के साथ माता पिता का संस्कार सदैव मिलना चाहिए। प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चा गीली मिट्टी के समान होता है। उसे पहला आकर देते है माता पिता जो बच्चों को अपने प्रारूप में ढालते है। वहां के बाद शिक्षक बच्चों को पूरा स्वरूप प्रदान करता है जो आगे जाकर समाज को एक नई दिशा देता है। अभिभावकों को बच्चों की क्षमता को पहचान कर उन्हें सही दिशा देनी चाहिए लेकिन आज कल घरों में बच्चों को वो माहौल नहीं मिल पा रहा है नो उन्हें मिलना चाहिए। सम्मेलन के अंत मे संस्था के चेयरमैन तिलक बेहरा ने सभी अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



## गर्ल्स स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. रजपुरी कला

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कक्षा 9वीं 10वीं व 11वीं की छात्राओं द्वारा सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गीत, एकल नृत्य एवं हास्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक मिस फेयरवेल प्रतियोगिता रहा। प्रतियोगिता में कुर्सी राउंड एवं विभिन्न प्रश्नोत्तर के माध्यम से छात्राओं का चयन किया गया। अंतिम चरण में कुमारी मनीषा राजवाड़े को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मिस फेयरवेल घोषित कर स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी मिलन होता है, तो कभी बिछोह भी। किंतु जीवन में संतुलन बनाए रखना सबसे आवश्यक है। यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक परिवार है, जो हमेशा आपके साथ रहेगा। उन्होंने छात्राओं को जीवन में अनुशासन, संस्कार और परिश्रम को अपनाने की सीख दी।

## आराधना सहित सात शिक्षक होंगे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**अंबिकापुर।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरगुजा के सात शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। देश के सबसे बड़े स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025–26 के लिए शिक्षकों के नाम घोषित किए गए हैं। चयनित शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में पढ़ाई को रोचक, तकनीक-संयुक्त और नवाचारपूर्ण बनाकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर किया है। सम्मान के लिए चयनित शिक्षक में अंबिकापुर की परसा मिडिल स्कूल में पदस्थ आराधना तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इन्होंने स्कूल के बच्चों को राजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा है और स्कूल के बच्चों का राष्ट्रीय पत्रिका चकमक में लगातार हर अंक में रचनाएं प्रकाशित हो रही हैं। इनके स्कूल के बच्चों में कविता, कहानी लेखन क्षमता विकसित हुई है जिसमें इनका अहम योगदान है। आराधना तिवारी के अलावा बतौली से उमा साहू, लखनपुर से पूर्णिमा मेहता, लुंड्रा से रिंकी पैकरा, सीतापुर से सरिता एक्का तथा उदयपुर से रजनीकांत साहू का चयन हुआ है। अधिकारियों और सहकर्मियों ने सभी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान सरगुजा के शिक्षा स्तर को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाएगा।



## नाराज कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में विधायक के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी,थाने में शिकायत होने पर मांगी माफ़ी

**बिश्रामपुर।** पार्टी के नाराज कार्यकर्ता ने प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी जिसके बाद भाजयुमो ने मामले में जयनगर थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर दी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव ने जयनगर थाना प्रभारी को सौंपे आवेदन में बताया कि परसापारा निवासी मुन्ने राजवाड़े (पिता देवनाथ) ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया,वहीं उक्त पोस्ट पर इंद्रजीत राजवाड़े द्वारा भी टिप्पणी में अभद्र व गलत शब्द लिखे गए।

शिकायत में कहा गया कि इस पोस्ट से विधायक की छवि धूमिल हुई है, जिससे समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है,दोनों युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई,बताया गया कि देर रात भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता जयनगर थाने पहुंचे और कार्यवाही हेतु शिकायत आवेदन सौंपा,जिसके बाद पुलिस युवकों की तलाश में जुट गई।

सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा अगले दिन दोनों युवकों को पकड़कर विधायक से मिलवाने ले जाया गया जहां पर दोनों नाराज कार्यकर्ता द्वारा सार्वजनिक माफी मांगने के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया,उक्त मामले में जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का ने बताया कि दोनों युवक उसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और किसी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज होकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी,शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों को पकड़कर प्रेमनगर विधायक के सामने ले जाया गया,जहां माफीनामे के बाद में उन्हें अब छोड़ दिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत कल, तैयारी को लेकर हुई पुलिस विभाग के साथ बैठक




**सूरजपुर।** साल का पहला नेशनल लोक के सफल एवं प्रभावी आयोजन को सुनिश्चित करने 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समस्त थाना प्रभारियों के साथ बैठक हुई।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीएस बघेल, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री पायल टोपनो, न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष भगत, न्यायिक मजिस्ट्रेट रूची मिश्रा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशी सर्राफ उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाला नेशनल लोक अदालत वर्ष का पहला आयोजन है। इस नेशनल लोक अदालत हेतु प्राधिकरण एवं न्यायालयों द्वारा जारी होने वाले लोक अदालत की नोटिस एवं समंस की तामील समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पक्षकारों को समय से नोटिस प्राप्त से न्यायालय तक आने-जाने एवं प्री-लिटिगेशन मामलों में लेन-देन वाले पक्षकारों को प्रकरण समाप्त करने हेतु उचित व्यवस्था करने का समय मिलता है, जिससे ज्यादा मामलों का निराकरण होने की संभावना बनती है। बैठक में नोटिस तामिली के साथ-साथ नेशनल लोक अदालत एवं मध्यस्थता अभियान के प्रचार प्रसार के संबंध में विशेष चर्चा हुई। उन्होंने नागरिकों से 14 मार्च 2026 के नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करने की बात कही। लोक अदालत विवादों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम है, जहां श्रम, धन, की बचत होती है, वहीं लोगों के मध्य आपसी विवाद हमेशा के लिए समाप्त होने के साथ आपसी बैर की भावना हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है।


### संतोषी माता मंदिर स्थापना के वार्षिकोत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं : उद्देश्वरी

**राजपुर।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित मां महामाया मंदिर परिसर में संतोषी माता मंदिर स्थापना के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। उन्होंने छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बचपन से ही संस्कारों का बीजारोपण भावी पीढ़ी के उज्जवल निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के आयोजक जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महामाया मंदिर परिसर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। समाजसेवी अशोक अग्रवाल एवं आकाश अग्रवाल द्वारा विगत कई वर्षों से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति की मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल, राजपुर की छात्राओं ने मां काली एवं मां दुर्गा पर आधारित भक्ति पूर्ण प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान सनशाइन स्कूल राजपुर को मिला जिन्हें 5,100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। शेष प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप 11-11 सौ रुपए की सांत्वना राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद गुप्ता एवं रेंजर महाजन लाल साहू शामिल रहे। इस दौरान शिव महिमा का अभिनय करने वाले बाल कलाकारों को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिला महामंत्री संजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, कैलाश अग्रवाल, प्यारेलाल जायसवाल, धनसीराम अग्रवाल, बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल, नगर पंचायत के पार्षद सहित अन्य मौजूद थे।





# मेरा तो वैलेंटाइन डे का प्लान फिक्स : शमिता

**मुंबई।** अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। मगर, इस बीच उन्होंने अपना वैलेंटाइन डे प्लान शेयर किया है। शमिता शेट्टी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'तैयारी पूरी है'। वीडियो में एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान एकदम फिक्स है। किसी भी कपल को देखूंगी तो जोर-जोर से चिल्लाऊंगी कि भाई कल वाली अच्छी थी।

लाइफ Style



# तापसी


## अलग-अलग शहरों में होगी अस्सी की स्क्रीनिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस महीने यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इससे पहले तापसी ने फैंस से अपील की है कि वे सिनेमाघर जाकर यह फिल्म देखें।

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म 'अस्सी' की सिनेमाघरों में रिलीज से पहले दर्शकों से अपील की है कि वे इस फिल्म को थिएटर्स में जाकर देखें। हालांकि, उन्होंने अनोखे अंदाज में यह बात एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कही है। साथ ही यह जानकारी भी दी है कि इस फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले अलग-अलग शहरों में इसकी स्क्रीनिंग होगी और यह सिलसिला पूरे सप्ताहभर चलेगा। तापसी पन्नू ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'चलो समय बदलते हैं, क्योंकि दुख की बात है कि अब सिर्फ अपनी फिल्म बनाकर आराम से बैठ जाना ही सब कुछ नहीं रह गया है। हम अच्छे सिनेमा के हकदार तभी हैं, जब हम उसकी कद्र करते हैं। समाज जल्द ही अच्छी फिल्मों से भर जाएगा, इसलिए नहीं कि हमने लगातार औसत दर्जे की फिल्में चुनी हैं, बल्कि इसलिए कि आपने तब चुप रहना चुना, जब आपकी आवाज आपको सबसे ऊपर ले जा सकती थी'। तापसी ने आगे लिखा है, 'हम अपनी ऑफिशियल रिलीज से एक हफ्ते पहले अलग-अलग शहरों में स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ फिल्म 'अस्सी' के लिए आपका भरोसा और प्यार पाने का अपना सफर शुरू कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स ने कैंसर अवेयरनेस पर किया काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेम्स वैन डेर बीक का निधन कैंसर के कारण हुआ। जब उन्हें अपनी बीमारी का पता चला तो उन्होंने कैंसर अवेयरनेस पर काम करना शुरू किया। गुरुवार को उनके इंस्टाग्राम पेज पर निधन की सूचना साझा की है। सोशल मीडिया पर ही कई हॉलीवुड सेलेब्स और फैंस जेम्स वैन डेर बीक को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। लोग जेम्स के परिवार और पत्नी को इस मुश्किल वक्त में सपोर्ट कर रहे हैं, अपनी संवेदनाएं प्रकट कर हैं। फैंस भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर याद कर रहे हैं, जिसने आखिरी वक्त में भी कैंसर अवेयरनेस पर काम किया।



# माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 का हिस्सा रहे

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू के निधन से उनके फैंस दुखी हैं। 39 साल की उम्र में इस कोरियन एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। लेकिन, अब फैंस की नजर जंग यून वू की पोस्ट पर गई है। इसे देखकर फैंस हैरान हैं। यह एक्टर माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 जैसे टीवी ड्रामा का हिस्सा रहे। जंग यून वू की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। कुछ फैंस की नजर उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर गई। जिसमें साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू ने कई दिवंगत आर्टिस्ट्स लेस्ली चेउंग और एमी वाइनहाउस की तस्वीरें शेयर की थीं। साथ ही कैप्शन लिखा, 'ईर्ष्या, याद और पछतावा।' कोरियन एक्टर जंग यून वू की आखिरी क्रिप्टिक पोस्ट और मौत पर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मैं एक बेहतर दुनिया में आपके अधिक चमकने की प्रार्थना करता हूं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कितना



# अपनी जेनरेशन से काफी अलग हैं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट के बारे में एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने कई बातें शेयर की हैं। एक इंटरव्यू में आज के समय के एक्टर्स और आलिया के व्यवहार में काफी फर्क बताया। साथ ही फिल्म 'कपूर एंड संस' में साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। आलिया भट्ट की 'कपूर एंड संस' साल 2016 में रिलीज हुई एक फैमिली फिल्म थी। इस फिल्म में ऋषि कपूर,रत्ना पाठक समेत कई मशहूर कलाकार शामिल थे । हाल में दिए अपने एक इंटरव्यू में अभिनेत्री रत्ना पाठक ने आलिया भट्ट को बाकी नए कलाकारों से अलग बताया। उनके व्यवहार की तारीफ की। अभिनेत्री रत्ना पाठक का बॉलीवुड में एक लंबा कॅरियर रहा, उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। उन्होंने कहा, 'आलिया सेट पर काफी अलर्ट रहती थीं।



# फरहान को एक पैसा नहीं देंगे रणवीर

**मुंबई।** रणवीर सिंह के 'डॉन 3' से बाहर होने के बाद फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें 40 करोड़ रुपए की भरपाई करनी चाहिए। इन पैसों को लेकर मेकर्स ने जो डिमांड रखी है उसे लेकर रणवीर सिंह ने साफ कर दिया है कि वो ऐसा कुछ नहीं करेंगे। रणवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' के लिए एक साल तक तैयारी की थी, लेकिन डायरेक्टर ने 'लव एंड वॉर' पर काम करना शुरू कर दिया। रणवीर सिंह ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि बॉलीवुड में लंबे इंतजार के बाद भी फिल्मों का न बन पाना आम बात है और ऐसे मामलों में किसी पर किसी का कोई कर्ज नहीं होता। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने एक बंद कमरे में बैठक भी की, जिसमें दोनों पक्षों की बातों को रखा गया।

## टीवी मसाला



# बैंडवाले का ट्रेलर रिलीज डीजे साइको बन छाए जहान

**नई दिल्ली।** नई सीरीज 'बैंडवाले' का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें शशि कपूर के पोते जहान कपूर नजर आ रहे हैं। 'बैंडवाले' 13 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 240 देशों में स्ट्रीम किया जाएगा। इसके ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। जहान ने 'ब्लैक वारंट' से डेब्यू किया था और धमाल मचा दिया था। अब वह डीजे साइको बनकर आए हैं और साथ में स्वानंद किरकिरे हैं। 'ब्लैक वारंट' सीरीज से धमाकेदार शुरुआत करने वाले शशि कपूर के पोते और एक्टर जहान कपूर अब जल्द ही नई सीरीज 'बैंडवाले' में नजर आएंगे। सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो वाकई मजेदार है। कई ऐसे पल हैं, जहां हंसी से लोटपोट हो जाएंगे। जहान कपूर भी एकदम अलग अवतार में हैं और चौंका रहे हैं। 'बैंडवाले' एक म्यूजिकल सीरीज है, जिसमें जहान कपूर ने डीजे साइको का रोल प्ले किया है। साथ में गीतकार स्वानंद किरकिरे भी हैं, जो अपनी एक्टिंग से सबको चौंका देंगे। 'बैंडवाले' में शालिनी पांडे भी हैं, जो अर्जुन रेड्डी, डब्बा कार्टेल और महाराज जैसी फिल्मों में तारीफें बटोर चुकी हैं। इस सीरीज में वह छोटे से शहर रतलाम में रहने वाली एक कवयित्री का रोल प्ले कर रही हैं। हालांकि, वह गुमनाम होकर अपनी कविताएं लिखती और छपवाती हैं, जिनके बारे में उनके परिवार को पता नहीं है। ट्रेलर की शुरुआत रोबो कुमार नाम के सिंगर से होती है, जो एक शादी में बैंडबाजा वाले के साथ गाना गाते हैं। यह किरदार स्वानंद किरकिरे ने निभाया है। लेकिन रोबो ऐसा गाता है कि दूल्हे के साथ बाराती भी परेशान हो जाते हैं। कोई उसका गाते हुए वीडियो बना लेता है और सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

## दूरदर्शन का पहला भुतहा शो, किले में भटकती थी आत्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर हॉरर शो की चर्चा होते ही सबसे पहला नाम 'आहट' का आता है। लेकिन, सच तो यह है कि इससे पहले भी एक ऐसा शो था जिसने दर्शकों को डर का असली मतलब सिखाया था। यह एक



ऐसा शो था जिसने लोगों को डरा दिया था, फिर भी रोमांच इतना जबरदस्त था कि लोग इसे देखना बंद नहीं कर पाते थे। इसे देखकर वो जितना डरते थे, उतना ही एक्साइटेड भी हो जाते थे। 'किले का रहस्य' ने उस दौर में डर को मनोरंजन में बदल दिया और टेलीविजन पर हॉरर शो की नींव रखी। 'आहट' से भी पहले प्रसारित हुए इस सीरियल ने टेलीविजन पर हॉरर शैली की शुरुआत की। यही कारण है कि इसे आज भी याद किया जाता है। इस शो का प्रीमियर 1989 में हुआ था। ये हफ्ते में केवल एक बार प्रसारित होता था। हर एपिसोड का अंत बेहद सस्पेंस से भरा होता था।

# राजेश खन्ना पर भारी पड़ता था ये विलेन कभी 8 महीने रहा था बेरोजगार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा का वो दिग्गज अभिनेता जिसने हर किरदार में जान फूंक दी। वो विलेन जिसके फिल्मों में होने से राजेश खन्ना को कास्ट करना मुश्किल हो जाता था। एक्टिंग ऐसी कि लोग उनके मुरीद हो जाते थे। इस एक्टर की एंट्री होते ही थिएटर तालियों से गड़गड़ा उठता था। अपनी फिल्मों में कास्ट करने लिए तो मेकर्स के बीच होड़ मची रहती थीं। एक्टिंग की दुनिया का वो सितारा जिसने पहचान विलेन के तौर पर बनाई, लेकिन असल जिदंगी में बेहद दरियादिल इंसान था। अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लिया करते थे। जिस फिल्म में वह होते थे, वह हिट की गारंटी बन जाती थीं। साल 1920 में पुरानी दिल्ली के कोटगढ़ बल्ली मारा में जन्मे प्राण के पिता कृष्ण सिकंद सिविल इंजीनियर थे और मां रामेश्वरी गृहिणी. प्राण को पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली में एक फोटोग्राफी कंपनी में काम शुरू किया। किस्मत ने लाहौर में उनका रास्ता बदल दिया। वहां एक दुकान पर फिल्म लेखक मोहम्मद वली से मुलाकात हुई। इसी मुलाकात ने उन्हें फिल्मों तक पहुंचा दिया।



1940 में पंजाबी फिल्म 'यमला जट्ट'में उन्हें हीरो का रोल मिला। फिल्म हिट रही और प्राण की गिनती उभरते सितारों में होने लगी। इसके बाद चौधरी, खजानची और हिंदी फिल्म खानदान में भी उन्होंने काम किया।

***बंटवारा जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ*** : लेकिन 1947 का बंटवारा उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। लाहौर में बतौर हीरो जम चुके प्राण को सब कुछ छोड़कर मुंबई आना पड़ा। यहां उन्हें पूरे 8 महीने तक काम का इंतजार करना पड़ा। हालत ऐसे हो गए कि मरीन ड्राइव के एक होटल में काम करना पड़ा। आर्थिक तंगी का वो दौर बेहद मुश्किल था।

***जिद्दी से की नई पारी शुरू*** : आखिरकार सादत हसन मंटो और अभिनेता श्याम की मदद से 1948 में बॉम्बे टॉकीज की फिल्म जिद्दी मिली। देव आनंद और कामिनी कौशल स्टारर इस फिल्म में प्राण ने विलेन का रोल निभाया। यहीं से उनकी नई पारी शुरू हुई। इसके बाद तो प्राण हिंदी सिनेमा के सबसे दमदार खलनायक बन गए। दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन तक, हर बड़े स्टार के सामने उनका मुकाबला अलग ही दिखता था। मधुमति, जॉनी मेरा नाम, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों में उनके किरदार आज भी याद किए जाते हैं।

# च्यवनप्राश ऐड की वजह से श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस हुआ था रद्द

**नई दिल्ली।** 'पुष्पा 2' के सॉन्ग 'किसिक' के बाद अब अब बॉलीवुड में कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी 3' से डेब्यू करने जा रहीं श्रीलीला ने ऑफिशियली एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ली है। एक्ट्रेस की कॉन्वोकेशन सेरेमनी का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। श्रीलीला से पहले अदिति गोवित्रिकर, पलाश सेन, साई पल्लवी ( 2016 में एमबीबीएस की मेडिकल डिग्री पूरी की) जैसे कई और कलाकारों ने मेडिकल की डिग्री हासिल की। वहीं, आज हम यहां एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं



जिन्होंने मेडिकल की डिग्री पाई तो थी, लेकिन च्यवनप्राश की वजह से उनका मेडिकल लाइसेंस रद्द कर दिया गया। बरसों पहले, श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस एक ऐड की वजह से रद्द कर दिया गया था। दशकों पहले, मराठी और बॉलीवुड एक्टर श्रीराम लागू ने जब एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी, जब वे पहले से ही एक डॉक्टर थे। एक विज्ञापन में वो नजर आए और इसके बाद उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। बता दें कि श्रीराम लागू ने बीजे मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की डिग्री पूरी की थी।

***मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए एक्टिंग पूरी की*** : उन्होंने साल 1960 के दशक में पुणे और तंजानिया में ईएनटी सर्जन के रूप में प्रैक्टिक्स की।

### ईएनटी सर्जन हुआ करता था

इस घटना के कई साल बाद तबस्सुम के साथ एक बातचीत में लागू ने इसे लेकर बात की थी। तबस्सुम ने उनसे पूछा कि क्या वे डॉक्टर हैं? इसपर उन्होने स्वीकार करते हुए कहा कहा था, 'मैं इस वक्त किसी भी तरह का डॉक्टर नहीं हूं। मैं एक समय में ईएनटी सर्जन हुआ करता था।' हालांकि इसे लेकर उन्होंने कोई सफाई नहीं दी।

मेडिकल कॉलेज में अपने पहले ईयर के दौरान ही उनका परिचय थिएटर से हुआ। तब से थिएटर उनका जुनून बन गया और मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए, उन्होंने एक्टिंग को पूरी तरह से अपना लिया।

***यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही लाइसेंस रद्द कर दिया*** : श्रीराम लागू साल 1980 में डाबर च्यवनप्राश के एक ऐड में नजर आए थे। उनके ऐड ने काफी हंगामा खड़ा कर दिया क्योंकि कहा गया कि एक डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने पैसों के लिए विज्ञापन किया। यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही, इंडियन मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) ने उनका लाइसेंस रद्द कर दिया और उन्हें मेडिकल प्रैक्टिस करने से मना कर दिया गया।

## बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा

# 6 की उम्र में मुंबई में खरीद लिया घर, 10 साल में नेशनल अवॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ बाल कलाकार के रूप में अपना कॅरियर शुरू करने वाले मास्टर राजू इस वक्त साइड रोल्स करते दिखाई देते हैं। उन्होंने बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा। बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे चाइल्ड आर्टिस्ट हैं, जिन्होंने बड़े होने पर भी उनता ही नेम-फेम हासिल किया हो। कुछ गुमनामी में हैं तो कुछ बड़े स्टार हैं। हम आज बात कर रहे हैं मास्टर राजू की, जिन्होंने बचपन में तो सफलता के खूब स्वाद चखे, लेकिन बड़े होने पर वैसा मुकाम हासिल नहीं कर पाए। 6 साल की उम्र में ही उन्होंने मुंबई के पॉश इलाके में घर खरीद लिया था। एक वक्त था, जब उनके पास अमिताभ बच्चन से ज्यादा काम था। लेकिन, आज उनकी हालत कुछ खास नहीं।*

### पहली फिल्म थी परिचय

मास्टर राजू के बचपन का नाम फहीम अजानी थी। वह मुंबई के डोंगरी में रहते थे। उनके परिवार से कोई भी फिल्म इंडस्ट्री से नहीं था। इसलिए पहले उन्हें एक्टिंग करने की इजाजत नहीं मिली थी। मगर एक बार उन्होंने गुलजार की फिल्म 'परिचय' का ऑडिशन दिया तो वह बहुत रोए, क्योंकि वो कर नहीं पाए। उस वक्त 5 साल के थे। मगर ये उनके हक में काम आया और उन्हें कास्ट कर लिया गया। अब वह राजू श्रेष्ठ के नाम से जाने जाते हैं। संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।

### फहीम अजानी से कैसे बने मास्टर राजू?

मास्टर राजू ने राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, जीतेंद्र, अनिल कपूर जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका नाम फहीम से मास्टर राजू कैसे पड़ा। उनके मुताबिक, 'संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।' मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग तीन फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मेरा शोषण हो रहा है।



### बाल कलाकार के किरदार में छाए

मास्टर राजू ने गुलजार के बाद श चोपड़ा, हृषिकेश मुखर्जी और बसु चटर्जी जैसे फेमस डायरेक्टर्स के साथ भी काम किया। उनकी फिल्में अमर प्रेम, दाग- द पोएम ऑफ लव, दीवार, इंकार, खुद-दार और वो सात दिन समेत अन्य सब सुपरहिट रहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनको इतने प्रोजेक्ट मिलते थे कि एक साथ वह 3-3 फिल्मों की शूटिंग करते थे। 'मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग 2 फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि मेरा शोषण हो रहा है।'

***फीस 10 हजार से 1 लाख रुपए*** : मास्टर राजू को मेहनत का फल भी मिला। उनको 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' को लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट कैटेगरी में नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। उन्होंने बताया था कि पहली मूवी के बाद उन्हें हर फिल्म में 10,000 रुपए बतौर फीस मिलते थे। लेकिन, 4 साल बाद उनका काम और चमका, जिसके कारण वो रकम बढ़कर 1 लाख रुपए हो गई थी। 'जब 1977 में मैं बहुत फेमस हो या था, तो मुझे 1 लाख रुपए से ज्यादा फीस मिलने लगी थी।' मैंने बांद्रा में 11 लाख रुपए में एक घर खरीदा था। मेरे पापा ने इन्वेस्टमेंट सही जगह की। जिसका फायदा आज भी मिल रहा है। मुझे कभी भी ऐसा दौर नहीं देखना पड़ा कि मेरे पास काम न हो।

***मास्टर राजू का इंतजार करते थे अमिताभ*** : मास्टर राजू ने एक इंटरव्यू में बताया कि 1975 में फिल्म 'फरार' के दौरान अमिताभ बच्चन को सेट पर उनका इंतजार करना पड़ता था क्योंकि बिग बी के पास उतना काम नहीं था लेकिन वह तो साथ में तीन-तीन फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'जब मैं सेट पर आता था को मेरे शॉट्स को प्राथमिकता दी जाती थी। अमित जी से एक साइड बैठने के लिए कह दिया जाता था। क्योंकि, मुझे 3 घंटे में निकलना होता था। वह बस इंतजार करते रहते थे।'

***नशेड़ी का टैग मिला***: मास्टर राजू जब 9वीं क्लास में आए तो उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था, जिससे पढ़ाई पर फोकस कर सकें। फिर जब कमबैक किया तो वह ग्रे शेड कैरेक्टर करना चाहते थे, क्योंकि 'गुड बॉय' इमेज से बोर हो गए थे। उन्होंने एक शो 'चुनौती' और महेश भट्ट की फिल्म 'साथी' में नशेड़ी का रोल किया, जिसके बाद उन्हें ड्रग एडिक्ट का टैग मिल गया।

## खबर संक्षेप

### शराबी प्रधान पाठक का हंगामा वीडियो हो रहा वायरल



प्रतापपुर। विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षा व्यवस्था की हालत लगातार चिंताजनक होती जा रही है। वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में आदिवासी मासूम बच्चों से झाड़ू लगवाने और शौचालय साफ करवाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि ग्राम पंचायत बरपटिया स्थित प्राथमिक शाला से एक और मामला सामने आ गया है। यहां पदस्थ प्रधान पाठक विफल राम पर विद्यालय समय के दौरान शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के अनुसार घटना के दिन प्रधान पाठक की हालत सामान्य नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वे ठीक से खड़े तक नहीं हो पा रहे थे और कर्मचारियों से ऊंची आवाज में अभद्र व्यवहार कर रहे थे। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर ठोस कार्रवाई के अभाव में मामला दब जाता है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में दवनकरा स्कूल का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आदिवासी बच्चों से झाड़ू लगवाने की पुष्टि हुई। जिला स्तरीय जांच में आरोप सही पाए गए और पांच शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोक दी गई।

### मैनपाट महोत्सव के दौरान बंद रहेंगी शराब दुकानें

अंबिकापुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोजित मैनपाट महोत्सव 13, 14 एवं 15 फरवरी को कानून व्यवस्था एवं लोक शांति को दृष्टिगत रखते हुए रोपाखार मैनपाट में संचालित एफ एल-1 घघ-कम्पोजिट (कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान रोपाखार) विदेशी मदिरा दुकान को पूर्णतः बंद रखने हेतु उपरोक्तानुसार दिवसों को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा का विक्रय एवं परिवहन परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने कहा है।

### अब प्रत्येक सोमवार को होगी टीएल की साप्ताहिक बैठक

बलरामपुर। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए साप्ताहिक समय-सीमा बैठक के आयोजन में परिवर्तन किया गया है। जारी निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय भवन, बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक प्रत्येक मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी विभाग प्रमुखों एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं आवश्यक जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## डेढ़ टन कोयला, 19 बाइक, 13 साईकिल जब्त, हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबर के बाद हुआ बड़ा असर

# अमेरा खदान में कोयला चोरों के खिलाफ बड़ा एक्शन, 21 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर/लखनपुर

खबर का असर

अमेरा कोयला खदान में चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद एसईसीएल की शिकायत पर पुलिस ने खदान क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने कोयला चोरी में लगे 21 लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से डेढ़ टन अवैध कोयला, 13 साइकिल, 19 बाइक समेत 6 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस ने कोयला चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि लखनपुर थाना क्षेत्र में संचालित अमेरा कोयला खदान में आस पास से ग्रामीणों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर कोयला की चोरी की जा रही थी। 200 से अधिक बाइक लेकर चोर गिरोह में खदान परिसर में प्रवेश करते थे और दबंगई दिखाते हुए कोयला की चोरी करते थे। बड़ी बात यह है कि यदि खदान परिसर में मौजूद कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोयला चोरी से रोकने पर कोयला चोर गाली गलौज और मारपीट पर उतर आते थे। कोयला चोरी करने वाले ग्रामीणों द्वारा गिरोह बनाकर परिसर में प्रवेश करने के कारण एसईसीएल प्रबंधन भी बेबस हो गया था। इस चोरी से प्रबंधन को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। संगठित बाइकर्स गैंग द्वारा कोयला चोरी किए जाने की खबर को हरिभूमि ने 11 फरवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने भी चोरी की बात स्वीकार की लेकिन चोरों की दबंगई के आगे उनके हाथ भी बंधे हुए थे ऐसे में सरगुजा पुलिस ने कोयला चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई अमेरा खदान क्षेत्र में छापा मारा। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों से 1.5 टन कोयला, 13 साइकिल, 19 बाइक समेत 6 लाख रुपए का सामान जब्त करने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3), 303(2), 112(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने खदान के अतिरिक्त आसपास नदी के मुहनो पर अवैध कोयला उत्तखन्न हेतु किये गए गड्ढों को जेसीबी से भरवाकर समतल कराया गया है।



### बड़े तस्कर करा रहे चोरी

बताया जा रहा है कि ग्रामीण बाइक लेकर खदान में घुसते है और कोयला चोरी कर एक स्थान पर एकत्रित करते है उसके बाद चोरी के कोयला की बाइक से आस पास के ईंट भट्ठों में तस्करी की जाती है। कोयला निकालने के लिए खदान के अतिरिक्त नदी के मुहानों पर बड़े बड़े गड्ढे खोदे गए है। तस्कर कोयला निकालने के बाद घरों में भी इसका भंडारण करते है और पिकअप समेत अन्य भारी वाहनों से कोयला की तस्करी करते है। बड़ी बात यह है कि इन कोयला चोरों को बड़े कोयला तस्करों द्वारा बाइक उपलब्ध कराया जाता है। 200 से अधिक बाइकर्स चोर खदान में घुसते है। ऐसे में इन ग्रामीणों के साथ बड़े कोयला तस्करों को भी गिरफ्तार किए जाने की जरुरत है ताकि चोरी पर लगाम लगाई जा सके।

### इनको किया गया गिरफ्तार

कोयला चोरी के खिलाफ एसडीओपी ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, थाना प्रभारी लखनपुर संपत पोटाई के नेतृत्व में पुलिस बल कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने लखनपुर थाना अंतर्गत लटोरी निवासी 31 वर्षीय पन्डरू राजवाड़े आ. खेलसाय, जोधपुर निवासी 30 वर्षीय धनेश्वर राजवाडे आ. राजदेव, 45 वर्षीय सपुरन आ.रामदेव, 35 वर्षीय भीन्गल राम आ. धरमसाय राजवाड़े, 22 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद आ. जय प्रकाश, गणेशपुर निवासी 45 वर्षीय रामदेव आ. देवरतन, रजपुरी निवासी 40 वर्षीय अनीष राजवाड़े आ. जयराम राजवाड़े, बिनकरा निवासी 45 वर्षीय सोनसाय आ. रमेश्वर, जयपुर में 38 वर्षीय रजन प्रसाद उर्फ जगेश्वर आ. बंधन राम, गांधीनगर सुखरी निवासी 30 वर्षीय सुखसाय आ. रामनंदन, 36 वर्षीय चमरू आ. रघुवीर, 30 वर्षीय चंदलाल आ. चक्रधारी, 24 वर्षीय बीरदेव आ. राम सिंह देव, 27 वर्षीय रामकुमार आ. गजानंद, 25 वर्षीय अमरेश आ. सोहना राम, 30 वर्षीय मनीजर आ. चमरू राम, 35 वर्षीय नीलम आ. सोनसाय, गांधीनगर गणेशपुर निवासी 45 वर्षीय फेंकू राम आ. भोदरो राम, लखनपुर परसोडी निवासी 22 वर्षीय अनुज यादव आ. बुधु राम यादव, झाबर निवासी 40 वर्षीय चंद्रभान आ. बोधन राम, गांधीनगर सोनपुर खुर्द निवासी 30 वर्षीय हरेश प्रसाद आ. जाकी राम को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस ने नेपाल बार्डर बहराइच उत्तरप्रदेश से धोखाधड़ी के 2 आरोपियों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

खुद को थाना प्रभारी व जेल अधीक्षक बताकर धोखाधड़ी कर ठगी करने के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने आरोपियों को नेपाल बॉर्डर बहराइच उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

ग्राम सिरसी निवासी चिंतामणी बंजारे आ. स्व. मनोहर राम बंजारे (45 वर्ष) ने चौकी बसदेई में धोखाधड़ी करने संबंधी शिकायत किया जिसकी जांच में पाया गया कि आवेदक का लड़का अनिल बंजारे के विरूद्ध थाना गांधीनगर में धारा 22 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में जेल में निरूद्ध होने से अपराध से नाम हटवाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को थाना प्रभारी व जेल अधीक्षक बताते हुए धोखाधड़ी कर 75 हजार रूपये छलपूर्वक फोन-पे के माध्यम से लिया। जिस पर पुलिस ने 13 सितंबर को आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने तकनीकी मदद ली जो आरोपियों को उत्तरप्रदेश में होना पाया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने निर्देश पर आरोपी को पकड़ने चौकी बसदेई की पुलिस टीम गठित कर उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किया। टीम द्वारा काफी पतासाजी के बाद बहराईच जिला उत्तरप्रदेश नेपाल बार्डर के पास में दबिश देकर आरोपी इमरान आ. समशेर (22 वर्ष) एवं मोहम्मद आलम आ. नूर अली (29 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि पीड़ित के मोबाईल में फोन कर धोखाधड़ी कर छलपूर्वक उसके लड़का को जेल से छुड़ाने के नाम पर 1 अन्य सहयोगी के साथ मिलकर 75 हजार रूपये की ठगी की। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग मोबाइल, 8 नग सिम, 3 बैंक पासबुक, 1 एटीएम कार्ड व 1 चेकबुक जब्त किया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, आरक्षक देवदत्त दुबे, नीलेश जायसवाल, युवराज यादव, रौशन सिंह, अशोक केवट, राकेश सिंह, रामकुमार, आदित्य यादव, अशोक सिंह, भुनेश्वर सिंह व सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी प्राचार्य अब भी पुलिस पकड़ से बाहर

**रामानुजगंज**। वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक स्कूल के प्राचार्य पर छात्रा से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया था, जिसके बाद पुलिस इस संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। बावजूद इसके, केस दर्ज होने के छह दिन बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का कहना है जल्द आरोपित धर दबोच लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई थी, लेकिन वह फरार है। पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इधर शिक्षा विभाग ने भी महिला अधिकारियों की जांच टीम गठित करने की जानकारी दी है, पर अब तक न तो विभागीय जांच पूरी हुई है और न ही आरोपित के खिलाफ निलंबन जैसी प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि संबंधित प्राचार्य के व्यवहार को लेकर पूर्व में मौखिक शिकायत की गई थीं।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव ने बताया कि मामले की जांच के लिए महिला अधिकारियों की टीम गठित की गई है। निलंबन की प्रक्रिया के लिए कुछ विधिक औपचारिकताएं पूरी होना आवश्यक है, जिसमें पुलिस कार्रवाई और जांच रिपोर्ट महत्वपूर्ण होती है।

## पाईप लाइन से बह रहा व्यर्थ ...



बैकुण्ठपुर। सोनहत मार्ग पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम चेरवापारा मुख्य मार्ग किनारे पेयजल सप्लाई पाईप लाईन से पेयजल प्रतिदिन बर्बाद होकर सड़क पर बह रहा है। ऐसा काफी समय से चल रहा है, जिसे ठीक करने ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली लीलावती की जिंदगी

बैकुण्ठपुर। 13 फरवरी जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमझर निवासी श्रीमती लीलावती और उनके पति जगमोहन की दैनिक जीवन शैली एक सामान्य किसान परिवार के धैर्य के साथ जारी संघर्ष और उम्मीद की सफलता की एक जीवंत मिसाल है। आज से कुछ समय पूर्व तक उनका जीवन अभावों से घिरा हुआ था। वे एक साधारण किसान और दिहाड़ी मजदूर हैं। मेहनत ही उनकी पूंजी है और दैनिक मजदूरी ही परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन भी है। इस तरह की परिस्थितियों के बीच पक्के मकान का सपना उनके लिए सपने जैसा ही था। यह परिवार जिस पुराने कच्चे मकान में निवास करता था उसकी हालत भी उनकी आर्थिक स्थिति की तरह जर्जर हो चुकी थी। बरसात का मौसम आते ही उनके परिवार पर चिंता के बादल मंडराने लगते थे। मकान की दीवारों में दरारें, छत से टपकता पानी और कभी भी ढह जाने का भय यह सब उनके जीवन का हिस्सा बन चुका था। हर वर्ष बारिश से पहले थोड़ी-बहुत बचत मकान की मरम्मत में खर्च करनी पड़ती थी। परिणाम स्वरूप, उनकी आय का बड़ा हिस्सा अस्थायी सुधार में ही समाप्त हो जाता था, जिससे जीवन में आगे बढ़ने के अवसर और भी सीमित हो जाते थे। इन्हीं संघर्षों के बीच गत वर्ष उनके जीवन में आशा की किरण बनकर प्रधानमंत्री आवास योजना ने बड़ा परिवर्तन स्थापित कर दिया। इस योजना के अंतर्गत उनका चयन होने के उपरांत आवास पंजीयन कार्य हुआ और योजना के अंतर्गत उन्हें 1 लाख 20 हजार रूपए की सहायता राशि तीन किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुई। ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशासन के मैदानी कर्मचारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से श्रीमती लीलावती और उनके पति जगमोहन ने निर्धारित समय-सीमा में अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही इस परिवार को मनरेगा योजना के तहत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी के बदले लगभग 22 हजार रूपए का पारिश्रमिक भी प्राप्त हुआ तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पक्के शौचालय का निर्माण भी हो गया। अपने पक्के मकान में मुस्कान लेकर लीलावती कहती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना उनके परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। पहले जर्जर कच्चा मकान था, वहां आज एक सुंदर और मजबूत पक्का घर खड़ा है। संक्षेप में कहें तो यह सिर्फ ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि उनके सामाजिक जीवन में बड़े बदलाव का प्रतीक है।

## हिन्द विद्यालय चरचा का रजत जयंती उत्सव, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 12 फरवरी को सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास अनुशासन एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के रूप में भी मनाया गया, जिसने कार्यक्रम को विशेष गौरव प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पत्रकार नीरज गुप्ता, अंकित अग्रवाल एवं पत्रकार कमरुद्दीन निशा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि विद्यालय का 25 वर्षों का सफर शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर की गई घोषणा के अनुरूप, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को 51,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, वहीं 10 वीं कक्षा की 21000 रूपए व छात्राओं को आगे की पढ़ाई विद्यालय संस्था द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी।






## पृष्ठ 1 का शेष

### गोल्डकप फुटबाल प्रतियोगिता...

खेल के प्रति रुचि बढ़ी है और उन्हें राष्टीय स्तर के खिलाड़ियों को नजदीक से देखने व सीखने का अवसर मिला है। फाइनल मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। माना जा रहा है कि फाइनल मैच रोमांचक होगा और स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पुरस्कार राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति एवं एसईसीएल प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही यह उम्मीद जताई है कि आने वाले वर्षों में भी इस तरह के खेल आयोजनों से क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई मजबूती मिलेगी। आयोजन समिति में अध्यक्ष सह क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया, तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

**पेनाल्टी शूटआउट में सेरसा खड़कपुर की शानदार जीत -** अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट स्वर्ण जयंती समारोह के 11 वें दिन खेला गया दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक और यादगार रहा। यह मुकाबला सेरसा खड़कपुर पश्चिम बंगाल और जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु के बीच खेला गया। सेमीफाइनल मुकाबले की मुख्य अतिथि सौम्य महिला मंडल अध्यक्ष पूनम झा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्युत लता दास, संध्या रामावत, अलका चौबे एवं संगीता सिंह उपस्थित रहीं।







